# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# क्या अब UPI ट्रांजैक्शन पर लगेगा चार्ज ? 3000 रुपये से अधिक भुगतान पर पड़ेगा असर, मोदी सरकार ले सकती है बड़ा फैसला।

Publisher Published on 11 Jun 2025




## डिजिटल पेमेटं मे तेजी के बीच केद्रं सरकार 3000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर MDR लागू करने पर विचार कर रही है, जाने क्ंया हो सकता है बदलाव।

**नई दिल्ली :** अगर आप **यूपीआई** के जरिए रोज़मर्रा के पेमेंट करते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार **UPI पेमेटं** सिस्टम में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। खबर है कि सरकार **₹3000** से अधिक के **यूपीआई ट्रांजेक्शन पर MDR (Merchant Discount Rate) चार्ज** लगाने पर विचार कर रही है।

**बैकों** और **पेमेटं सर्विस प्रोवाइडर्स** को तकनीकी और **ऑपरेशनल** लागत से राहत देने के लिए यह प्रस्ताव सामने आया है।

**यूपीआई का 80% हिस्सा डिजिटल खुदरा लेन-देन मे**

भारत में **डिजिटल रिटेल ट्रांजैक्शन का लगभग 80% हिस्सा सिर्फ यूपीआई** से होता है। 2020 से अब तक, **यूपीआई** आधारित व्यापारिक लेन-देन का आकार **60 लाख करोड़ रुपये** तक पहुंच गया है। लेकिन **जनवरी 2020 से लागू शून्य MDR नीति** के कारण इस सेक्टर में निवेश की कमी महसूस की जा रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी राशि के **डिजिटल ट्रांजैक्शन** पर पहले से ही **सर्विस प्रोवाइडर्स** को खर्च उठाना पड़ रहा है, और अब इसे संतुलित करने के लिए सरकार नई नीति पर विचार कर रही है।

क्या होगा बदलाव ?

१. **₹3000 तक के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।**
२. **₹3000 से अधिक के ट्रांजैक्शन पर MDR शुल्क लगाया जा सकता है।**
३. **यह चार्ज ट्रांजैक्शन की राशि पर आधारित होगा, व्यापारी के प्रकार से नहीं।**
४. **Payment Council of India (PCI) ने बड़े व्यापारियों के लिए 0.3% MDR शुल्क का सुझाव दिया है।**
५. फिलहाल, **क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 0.9% से 2% तक MDR लागू है, लेकिन RuPay कार्ड को छूट दी गई है।**

## PMO और मंत्रालयों मे चल रही है चर्चा

सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर **प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO), वित्त विभाग** और **NPCI** के बीच हाल ही में बैठक हुई है। इस मुद्दे पर **बैकं, फिनटेक कंपनियां** और **डिजिटल भुगतान** विशेषज्ञ भी जुड़े हैं।

एक-दो महीने में इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। सरकार का कहना है कि यह कदम **यूपीआई** को प्रोत्साहित करने के बजाय **डिजिटल पेमेटं सिस्टम** की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है।

## आपके खर्च पर असर ?

अगर आप **मॉल, ऑनलाइन शॉपिंग, मोबाइल/टीवी** जैसी महंगी चीजें **UPI** से खरीदते हैं, तो आने वाले समय में आपको थोड़ा अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.